**कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड़**
**विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सचिवालय परिसर 4–सुभाष रोड़, देहरादून– 248001**
**Email id-ceo uttaranchal@eci.gov.in** फोन न0 (0135) 2713551
**election09@gmail.com** फोन न0 (0135) 2713552

**संख्या–2813 /XXV–12(9) /2018** **देहरादून : दिनांक 05 अगस्त, 2019**

सेवा में,

श्री एस.के. अवस्थी,
किशनपुर (वकील फार्म)
किच्छा, उधमसिंहनगर,
उत्तराखण्ड–263148,

विषय– **पत्रांक दिनांक 18.7.2019 के सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत सूचना प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके अनुरोध पत्र दिनांक 31.7.2019 जो इस कार्यालय में दिनांक 05 अगस्त 2019 को प्राप्त हुआ है, के सम्बन्ध में मांगी गयी वांछित सूचना एक प्रति में संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

इस आदेश के अन्तर्गत दी गई जानकारी से यदि असंतुष्ट हों तो आदेश प्राप्त की तिथि से 30 दिन के अन्दर विभाग के अपीलीय अधिकारी जिनका पता निम्नवत है, अपील दायर कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस एवं समय के अन्तर्गत स्वयं उपस्थित होकर अथवा दूरभाष संख्या–0135–2713552 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

**संलग्नक– एक प्रति।**

**अपीलीय अधिकारी का पता–**
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल,
सचिवालय परिसर 4–सुभाष रोड़,
देहरादून– 248001,

भवदीय,

**(डी0पी0डंगवाल)**
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी।

# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड़

**विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सचिवालय परिसर 4–सुभाष रोड़, देहरादून– 248001**

**Email id-ceo uttaranchal@eci.gov.in** फोन न0 (0135) 2713551

**election09@gmail.com** फोन न0 (0135) 2713552


**संख्या– 2715/xxv– 02/2018** **देहरादून : दिनांक 26 जुलाई, 2019**

सेवा में,

श्री एस.के. अवस्थी,
किशनपुर (वकील फार्म) किच्छा,
उधमसिंहनगर,
उत्तराखण्ड–263148

विषय– **पत्र संख्या– 2650/XXV/02/2018 दिनांक 9.7.2019 के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या शून्य दिनांक 18.7.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के सम्बन्ध में यह कहना है कि आपके द्वारा इस कार्यालय में उपलब्ध कराये गये पत्र संख्या–शून्य दिनांक 1.7.2019 जिसमें उल्लेख किया गया है कि इस कार्यालय के पत्र संख्या– 2397 दिनांक 22.5.2019 जो जिलाधिकारी उधमसिंहनगर को पृष्ठांकित किया गया था के सन्दर्भ में शिकायत की गयी थी कि उनके स्तर से अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है फलस्वरूप इस कार्यालय से पत्र संख्या–2638 दिनांक 5 जुलाई 2019 (प्रति संलग्न) के साथ आपका पत्र जिलाधिकारी कार्यालय उधमसिंहनगर को शिकायत के निस्तारण हेतु हस्तांतरित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में जिलाधिकारी उधमसिंहनगर द्वारा अपना पत्र संख्या–1154 दिनांक 09 जुलाई 2019 इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया जिसकी प्रति पत्र संख्या–2650 दिनांक 9.7.2019 के द्वारा आपको पूर्व ही प्रेषित की गयी है। इस प्रकार जो भी शिकायती पत्र एवं सूचना के अधिकार के अन्तर्गत आप द्वारा इस कार्यालय में पत्र प्रेषित किये गये हैं उनकी सूचना आपको पूर्व ही समय से उपलब्ध करायी जा चकी है।

2– आप द्वारा अपने पत्र दिनांक 18.7.2019 के साथ जो पत्र संख्या–2547 दिनांक 29.3.2019, पत्र संख्या–648/रा.नि.आ.–2/1395/2013 दिनांक 31.5.2014 पत्र संख्या– 647/रा.नि.आ.–2/1395 दिनांक 31–5–2014 इस कार्यालय को उपलब्ध कराये गये हैं वे राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड के कार्यालय द्वारा जारी किये गये हैं।

3– आप द्वारा प्रस्तुत पत्र दिनांक 18.7.2019 से स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि पत्र सूचना के अधिकार के अन्तर्गत है अथवा शिकायती पत्र है।

4– आपके उक्त सन्दर्भित पत्र में उल्लेख किया गया है कि 107/116 किस पर लगेगा। इस सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि 107/116 की कार्यवाही कानून एवं व्यवस्था से संबंधित है जिसके सम्बन्ध में कार्यवाही निर्वाचन विभाग द्वारा नहीं की जाती है।

अतः अनुरोध है कि उक्त सन्दर्भ में सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क/पत्राचार करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डी0पी0 डंगवाल)
अनुभाग अधिकारी,
कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी
उत्तराखण्ड।

5/8/2019 33

दिनांक: 31/07/2019

सेवा में,

सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखंड
विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल
सचिवालय परिसर – 4, सुभाष रोड
उत्तराखंड – 248001

**विषय:** मेरे पत्रांक दिनांक 18/07/2019 (संलग्न) के सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत सूचना प्रदान करें

महोदय,

कृपया उक्त पत्र के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही के विषय में सूचना प्रदान करें।

धन्यवाद।

भवदीय

एस. के. अवस्थी
किशनपुर (वकील फार्म)
किच्छा, ऊधम सिंह नगर
उत्तराखंड – 263148

संलग्न: 1) यथोपरि
2) रू.10/- पोस्टल ऑर्डर संख्या 46F 381336

दिनांक: 18/07/2019

सेवा में,

सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखंड
विश्वकर्मा भवन,प्रथम तल
सचिवालय परिसर-4, सुभाष रोड, देहरादून
उत्तराखंड – 248001

विषय: आपके पत्र संख्या 2650 / XXV / 02 / 2018 दिनांक 09/07/2019 के सम्बन्ध में

महोदय,

आपके उपरोक्त पत्र के सम्बन्ध में निवेदन है कि आप द्वारा प्रेषित सभी संलग्न पत्रों में 107/116 की कार्यवाही को न्यायोचित घोषित किया गया है। मूलतः मेरी सूचना का उद्देश्य आप द्वारा प्रदान की गयी उस सूचना से था जिसमें आप द्वारा दिए गए निर्देश संकलित हैं (संलग्न)। निवेदन है कि इस दिशा-निर्देश के आधार पर कार्यवाही नहीं की गयी है जबकि इस पत्र में 107/116 किस पर लगेगा यह स्पष्ट है। निर्देशों एवं कार्यवाही में जो अंतर है कृपया उसकी स्पष्टता प्रदान करें। आप द्वारा अन्यथा सभी अभिलेख केवल भ्रमित सूचना दे रहे हैं जो कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अनुचित एवं दंडनीय है। कृपया स्पष्ट सूचना दें कि आपके द्वारा अंकित पैमाने पर निर्देशों का पालन हुआ है या नहीं।

धन्यवाद।

भवदीय

एस. के. अवस्थी
किशनपुर (वकील फार्म)
किच्छा, ऊधम सिंह नगर
उत्तराखंड – 263148

संलग्न: यथोपरि